

औरंगाबाद में शनिवार को लोकमत हाफ मैराथन के सिलसिले में ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड कंपनी के उत्सुक सदस्यों ने सर्वप्रथम ग्रुप बुकिंग कराई. यदि आपकी कंपनी भी अपने कर्मचारियों के लिए ग्रुप बुकिंग कराने की इच्छुक है, तो बुकिंग के लिए अश्विन सिंह से 9075005235 पर संपर्क कर सकते हैं. ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए www.mycitymarathon.com पर आएं.

# भारत फिर 'कबड्डी किंग'

अहमदाबाद । 22 अक्तूबर । एजेंसी



अहमदाबाद में शनिवार को विश्व कप जीतने के बाद उत्साहित भारतीय कबड्डी टीम.

दूसरे हाफ में शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने जोरदार वापसी करते हुए कबड्डी विश्व कप 2016 के फाइनल में ईरान को 38-29 से हराकर खिताब जीत लिया. खेल की दो दिग्गज टीमों के बीच खेले गए इस मुकाबले में भारत ने लगातार तीसरी बार ईरान का विश्व चैम्पियन बनने का सपना तोड़ दिया. भारत की ओर से अजय ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 अंक जुटाए जिससे भारत ने दूसरे हाफ में बेहतरीन वापसी की. भारत की शुरुआत अच्छी रही और संदीप नारवाल और ठाकुर के रेड प्वाइंट से उसने 2-0 की बढत बनाई. ईरान ने हालांकि धीरे-धीरे अपने प्रदर्शन में सुधार किया और आठवें मिनट में 5-4 की बढ़त बना ली.

ईरान ने 19वें मिनट में मैच का पहला ऑल आउट करके अपनी बढ़त को 16-12 किया. पहले हाफ के बाद मेहमान टीम 18-13 की मजबूत बढ़त बनाए हुई थी. दूसरे हाफ में भारत ने बेहतर प्रदर्शन किया. ठाकुर ने 25वें मिनट में दो अंक के साथ ईरान की बढ़त को तीन अंक तक सीमित किया. ईरान ने 28वें मिनट में स्कोर 20-17 किया लेकिन अजय ठाकुर ने 29वें मिनट में भारत को 20-20 से बराबरी दिला दी. भारत ने 30वें मिनट में अपने पहले ऑल आउट के साथ 24-21 की बढ़त बनाई.

मैच में जब नौ मिनट का समय शेष था तब भारत 26-21 से आगे चल रहा था. नितिन तोमर ने 34वें मिनट में शानदार रेड के साथ भारत को 29-22 से आगे किया जबकि ईरान के सिर्फ दो खिलाड़ी बचे थे. ठाकुर ने हालांकि 37वें मिनट में मैच भारत के पक्ष में कर दिया जब उन्होंने दो अंक के साथ भारत को दूसरे ऑल आउट के साथ 34-24 की अजेय बढ़त दिलाई जिसके बाद भारत ने आसानी से मैच जीत लिया.

### मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार कबड्डी विश्व कप जीतने के लिए भारतीय टीम को बधाई दी. मोदी ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, ''टीम ने शानदार कौशल, जज्बा और प्रतिबद्धता दिखाई. शानदार.'' खेल मंत्री विजय गोयल ने लिखा, ''और हमारे शेरों ने कर दिखाया. विजेता टीम को बधाई.''

## इंग्लैंड मजबूत स्थिति में

**चटगांव.** बेन स्टोक्स के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत शनिवार को इंग्लैंड ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में अपनी स्थिति मजबूत कर ली. शाकिब अल हसन ने हालांकि 79 रन देकर पांच विकेट चटकाए और बांग्लादेश को मुकाबले में बनाए रखा. स्टोक्स की 85 रन की उपयोगी पारी की बदौलत इंग्लैंड ने आज मैच के तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में आठ विकेट के नुकसान पर 228 रन बना लिए हैं.

## डीबीए 'ए' और मनपा की विजयी शुरुआत

**औरंगाबाद.** डीबीए 'ए' और मनपा ने 5वीं राम कमला अंतर औद्योगिक टी-20 स्पर्धा में शनिवार को अपनी प्रतिद्वंद्वी टीमों को शिकस्त देते हुए विजयी शुरुआत की. स्पर्धा के पहले मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पीडब्ल्यूडी की टीम ने निर्धारित ओवरों में 7 विकेट गंवाकर 131 रन बनाए. टीम की ओर से मनोज घोड़के ने सर्वाधिक 87 रनों की पारी खेली. डीबीए 'ए' के गेंदबाज विजय सोनवणे ने 2 बल्लेबाजों को पैवेलियन की राह दिखाई. विजयी लक्ष्य को डीबीए 'ए' की टीम ने 13.3 ओवरों में 3 विकेट गंवाकर हासिल कर लिया. टीम के लिए गौरव शिंदे ने नाबाद 50 रनों का योगदान दिया .

# दिल्ली की जीत से कीवी कैंप में जोश



गावस्कर लिखते हैं

आखिरकार कीवियों को मेजबान टीम के खिलाफ रोमांचक जीत के बाद जश्न मनाने का अवसर प्राप्त हो ही गया. जिस तरह कप्तान विलियम्सन ने आकर्षक शतक लगाया, उसकी हर कोई उम्मीद कर रहा था. विलियम्सन ने कोहली की तरह आक्रामक शैली में बल्लेबाजी नहीं की, लेकिन उनके शॉट्स तकनीकी रूप से परिपूर्ण थे. साथ ही उन्हें टॉम लैथम के रूप में अच्छा साथी भी मिला. दिल्ली की इस जीत से मेहमानों का हौसला बढ़ा है. इस जीत ने कीवियों को यह भरोसा दिलाया कि मेजबान टीम को उसके हराया जा सकता है. भारतीय गेंदबाजों ने अपनी भूमिका बढ़िया ढंग से निभाई. खासतौर से विलियम्सन-लैथम जोड़ी के जमने के बाद उन्होंने न्यूजीलैंड को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया. भारतीय गेंदबाजों ने मेहमानों को ढाई सौ के भीतर रोक कर मेजबान बल्लेबाजों के सामने धर्मशाला की तुलना में थोड़े अधिक लक्ष्य का सामना करने की चुनौती रखी. भारत की शुरुआत फिर खराब रही और रोहित शर्मा अच्छी शुरुआत के बाद बड़ा स्कोर बनाने से चूक गए, जबकि रहाणे भी साउदी के बाउंसर के सामने लड़खड़ा गए. कोहली ने अपने घरेलू मैदान पर रन बनाने की अपनी भूख को दर्शाता हुआ जोरदार कवर ड्राइव लगाया, लेकिन इसके तुरंत बाद वह दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से कैच आउट हो गए. यह तो अच्छा हुआ कि वह दूसरे छोर पर रन आउट होते-होते बच गए, जब स्ट्राइकर छोर से आया सीधा शॉट गेंदबाज से टकराकर स्टंप से टकरा गया था. धोनी के साथ जब केदार जाधव साझेदारी को आगे बढ़ा रहे थे, मेजबानों की जीत की उम्मीदें बरकरार थी. अमूमन ऐसा होता नहीं, लेकिन पहले गेंद को स्टीअर करने के चक्कर में जाधव थर्डमैन पर कैच किए गए तथा इसके बाद धोनी को साउदी ने अपनी गेंद पर कैच कर लिया. अक्षर पटेल अब तक अपेक्षा के अनुरुप नहीं खेल पाए, जबकि पांड्या ने उमेश यादव के कड़ी मेहनत की, लेकिन हार्दिक के आउट हो जाने के बाद जीत की उम्मीदें धूमिल हो गई.

मोहाली की विकेट हमेशा बल्लेबाजों के लिए मददगार रही है. गेंद पर बल्ले पर सही ढंग से आने से खूब रन बन सकते हैं. ऐसे में कीवियों की निगाहें अब तक हुए औसत प्रदर्शन को पीछे छोड़ लंबी उड़ान भरने पर होगी.

(पीएमजी)




## बीसीसीआई ने लोढ़ा समिति से निर्देश मांगे

**नई दिल्ली.** उच्चतम न्यायालय के बीसीसीआई को लोढ़ा समिति द्वारा नियुक्त ऑडिटर को जगह देने के निर्देश के बाद बोर्ड ने स्पष्टीकरण मांगा है, क्योंकि वैश्विक मीडिया अधिकार (प्रसारण, इंटरनेट और मोबाइल सहित) निविदा 25 अक्तूबर को सौंपी जानी हैं. बीसीसीआई ने तीन विशिष्ट बिंदुओं पर लोढ़ा समिति से निर्देश देने को कहा है. पहला निर्देश स्वतंत्र ऑडिटर की नियुक्त के फैसले को लेकर है, जो निविदा और अन्य प्रक्रिया की निगरानी करेगा. दूसरा यह पूछा गया है कि क्या कोई विशिष्ट निर्देश है कि बीसीसीआई को 25 अक्तूबर को वैश्विक निविदा खोलने की प्रक्रिया लंबित या रद्द करनी चाहिए या नहीं. बोर्ड साथ ही निर्देश चाहता है कि अगर कोई संभावित बोलीकर्ता कोई सवाल पूछता है तो क्या उसे स्पष्टीकरण जारी किया जा सकता है.

## दूसरे टेस्ट में वेस्ट इंडीज संकट में

**अबु धाबी.** वेस्टइंडीज ने अंतिम लम्हों में दो विकेट गंवाकर दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पाकिस्तान को अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका दिया. वेस्टइंडीज की टीम 44वें ओवर तक दो विकेट पर 106 रन बनाकर बेहतर स्थिति में थी लेकिन इसके बाद उसने इसी स्कोर पर मार्लन सैमुअल्स (30) और क्रेग ब्रेथवेट (21) के विकेट तीन गेंद में भीतर गंवा दिए. दिन का खेल खत्म होने पर नाइटवॉचमैन देवेंद्र बिशू और जर्मेन ब्लैकवुड खाता खोले बिना खेल रहे थे. डेरेन ब्रावो ने भी 43 रन बनाए.

## हॉकी में पाक से आज होगा 'महामुकाबला'

**कुआंटन.** अपने पहले मुकाबले में जापान को 10-2 के बड़े अंतर से चित करने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम चौथे एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को महामुकाबले के लिए उतरेगी और उसका लक्ष्य पड़ोसियों को धूल चटाना होगा. गत चैंपियन पाकिस्तान को अपने आगाज मुकाबले में मेजबान मलेशिया के हाथों 2-4 की हार का सामना करना पड़ा था. रिकॉर्डों पर नजर डालें तो भारत चैंपियंस ट्रॉफी के उद्घाटन सत्र 2011 में विजेता बना था और यह खिताब उसने पाकिस्तान को ही हराकर जीता था.

## मोहाली में बढ़त बनाएगा भारत!

**मोहाली.** कोटला में मिली करीबी हार से परेशान महेंद्र सिंह धोनी की टीम इंडिया मोहाली में रविवार को होने वाले तीसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच में पिछली गलतियों से उबरते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज में बढ़त बनाने के लक्ष्य के साथ उतरेगी. पांच मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी के बाद अब भारत का इरादा हर हाल में तीसरे वनडे से वापसी कर 2-1 की बढ़त बनाना होगा.







# एमजीएम ट्रायथलन स्पर्धा 25 दिसंबर को

औरंगाबाद । 22 अक्तूबर । खेल संवाददाता

महात्मा गांधी मिशन (एमजीएम) के 34वें स्थापना दिवस पर 25 दिसंबर को मराठवाड़ा की पहली राष्ट्रीय ट्रायथलन और डयूथलन स्पर्धा एमजीएम कैम्पस पर आयोजित होगी. ट्रायथलन के अंतर्गत तैराकी, साइकिल और रेस, जबकि डयूथलन स्पर्धा में रेस और साइकिल स्पर्धाएं होंगी. स्पर्धा का उद्देश्य विविध खेल स्पर्धाओं के प्रति शहरवासियों में रुझान को बढ़ाते हुए उन्हें विविध खेल युक्त जीवनशैली अपनाने को प्रोत्साहित करना है.

ट्रायथलन के तहत स्प्रिंट स्पर्धा में कुछ रोचक लक्ष्यों को शामिल किया गया है. जैसे 750 मीटर तैराकी, 20 किमी लंबी साइकिल रेस और 5 किमी रेस. इसके अलावा अन्य श्रेणियों में भी स्पर्धाएं होंगी. मसलन 'सुपर स्प्रिंट' श्रेणी के तहत 400 मीटर तैराकी, 10 किमी साइकिल व 2.5 किमी रेस शामिल होगी. ''

'फन' श्रेणी की ट्रायथलन में 100 मीटर तैराकी, 5 किमी साइकिल और 3 किमी की रेस रखी गई है. 'किड्स' श्रेणी में बच्चों की ट्रायथलन स्पर्धा में 50 मीटर तैराकी, 2किमी साइकिल और 1 किमी की रेस है. डयूथलन स्पर्धा में 20 किमी साइकिल और 5 किमी रेस शामिल है. 'सुपर स्प्रिंट' श्रेणी स्पर्धा के तहत 2 किमी रेस और 10 किमी साइकिल दौड़ होगी. प्रतियोगिता के तहत विभिन्न श्रेणियों को शामिल करने के मकसद अधिक से अधिक लोगों को शामिल कर उनकी विविध खेलों में भागीदारी सुनिश्चित करना है.

स्पर्धा के संचालक रंजीत कक्कड़ के मुताबिक, 'इस स्पर्धा के जरिए लोगों को बताने की कोशिश की गई है कि यदि वे तैराकी, दौड़ और साइकिलिंग में रुचि रखते हैं, तो उन्हें ट्रायथलन के रूप में एक बार इन तीनों में ही हाथ आजमाना चाहिए. इसकी तैयारी के सिलसिले में वे न सिर्फ अपने लिए एक स्वस्थ्य लक्ष्य तय कर सकेंगे, बल्कि यह उनके लिए यादगार अनुभव भी साबित होगा.' अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.mgmeducationunlimited.com अथवा 9923205597 पर पंजीकरण करा सकते हैं. रेस से जुड़ी काउंसिलिंग के लिए वे 9423093000 पर भी संपर्क कर सकते हैं.




Available at Siyaram's SHOP retail outlets • **AMRAVATI:** Bhongade Complex, Rajkamal-Rajpeth Road. Ph.: 0721-2560121 • **AURANGABAD:** Shop No. 9, 10, 11, Near Sindhi Colony Gate, Jalna Road. Ph.: 0240-3293900 • Plot No. 1, Adarsh Nagar, Station Road, Beside Fire Station. Ph.: 0240-2351899 • **BEED:** Shop No. 4, Sarda Capital, D.P. Road. Ph.: 02442-232521 • **BHUSAVAL:** Weekly Market, Near Jawahar Dairy. Ph.: 02582-223326 • **DHULE:** 1514/3, Lane No. 4, Parola Road. Ph.: 02562-235256 • **KARAD:** Kolhapur Naka. Ph.: 02164-229666 • **KAVATHE MAHANKAL:** Near ICICI Bank, Main Road. Ph.: 02341-223800 • **KOLHAPUR:** 1875, Laxmi Road, Opp. Cosmos Bank. Ph.: 02312-548880 • **LATUR:** Kamdar Road, Hanuman Chowk. Ph.: 02382-254166 • **MALEGAON:** 18, 19 & 20, Wallfort Complex, Satana Road, Opp. Janalaxmi Cooperative Bank. Ph.: 02554-250178 • **MIRAJ:** Ravindra Vastra Niketan, Salgare. Ph.: 0233-2253254 • **NASHIK:** Opp. Yaswant Vyamshala, Near Red Cross Signal, Below Shilpa Lodging, M.G. Road. Ph.: 0253-2314997 • **NANDED:** Shop 2 & 3, Sanman Prestige Complex, Station Road. Ph.: 02462-246631 • **NAGPUR:** C/1-2, Shivshakti Complex, Main Road, Khamla. Ph.: 0712-6625535 • **PANDHARPUR:** Samay Collection (Phaltankar), 4180, Navi Peth. Ph.: 02186-225609 • **PALUS:** Near HDFC Bank, Palus Karad Road. Ph.: 02346-228444 • **PUNE:** Niyoshi Park 1, Breman Chowk, Aundh. Ph.: 020-40058095/08888727728 • **PHALTAN:** A/53, Raviwar Peth, Ambedkar Chowk. Ph.: 09822496455 • **SATARA:** 3, Amrutdhara Apts., Opp. IDBI Bank, Powai Naka. Ph.: 02162-228470 • **SANGLI:** Kapad Peth, Main Road. Ph.: 0233-2323099 • **SOLAPUR:** Shop No. 13, Park Stadium. Ph.: 0217-2325870 • **WARNANAGAR:** Near Hotel Shivtej, Amrutnagar Phata. Ph.: 0232-8222787 • **MUMBAI - AMBARNATH (E):** Shop No. 3, Panvelkar Plaza, Station Road. Ph.: 0251-2606453/09423367294 • **BOISAR (W):** M-01/14, Neminath Apartment, Ostwal Empire, Opp. S.T. Bus Depot. Ph.: 02525-266069 • **MIRA ROAD (E):** Shop No. 9, C-35, Sector-11, Shanti Nagar. Ph.: 022-28129607/09869529934 • **PALGHAR (W):** Shop No. 7, Raghunandan Co-op Housing Society Ltd., Opp. Prakash Talkies, Near HDFC Bank, Mahim Road. Ph.: 02525-250476/09867790463

**Also available at all leading retail outlets across the country. For trade / corporate enquiries, contact: 022-30400500. Toll Free No.: 1800 209 4005. For franchisee enquiries, contact: +91 9820197273.**
**Email: enquiries@jhampstead.in | www.jhampstead.in Follow us on**

makani